प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 22.02.2026 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में देश के नागरिकों से डिजिटल अरेस्ट और वित्तीय धोखाधड़ी जैसे मामलों में सतर्क रहने का किया आग्रह।
- झारखंड विधानसभा में बजट पूर्व आयोजित परिचर्चा में पार्लियामेंट्री लेजिस्लेटिव रिसर्च टीम ने सत्ता पक्ष और विपक्षी सदस्यों को बतायी बजट की बारीकियां।
- नगर निकाय चुनाव को लेकर सभी जिलों में सुरक्षा की व्यापक तैयारी, मतदान केंद्रों पर मोबाइल ले जाने पर रहेगी पाबंदी, कल सुबह सात बजे से डाले जायेंगे वोट।
- आईसीसी टी–20 क्रिकेट विश्व कप के सुपर–आठ में भारत आज दक्षिण अफ्रीका के साथ खेलेगा पहला मैच। अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में शाम 7 बजे से भिडेंगी दोनों टीमें।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में कहा कि इंडिया एआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन भविष्य में विश्व स्तर पर एआई की शक्ति के उपयोग की दिशा में महत्वपूर्ण पड़ाव साबित हुआ है। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि डिजिटल अरेस्ट और वित्तीय धोखाधड़ी कर निर्दोष लोगों को निशाना बनाया जा रहा है। श्री मोदी ने सभी लोगों से सतर्क रहने का आग्रह किया।

श्री मोदी ने सभी को होली और रमज़ान के पवित्र महीने की शुभकामनाएं भी दी।

****

झारखंड का आम बजट 24 फरवरी को विधानसभा में पेश किया जायेगा। इससे पहले विधायकों को बजट की बारिकियां बताने और उनके सवालों का जवाब देने के लिए कल परिचर्चा आयोजित की गई। स्पीकर रबींद्रनाथ महतो ने कहा कि कार्यशाला में बजट के मूल तत्व, क्रियान्वयन और प्रभाव की जानकारी साझा की गयी।

वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि दिल्ली से टीम ने आर्थिक गतिविधियों का तुलनात्मक अध्ययन किया है। उन्होंने कहा कि यह झारखंड के संदर्भ में बहुत फायदेमंद और जानकारी देने वाला है।

वहीं बीजेपी विधायक और पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ. नीरा यादव ने कहा कि दिल्ली से आई टीम ने जरूरी जानकारी दी है और हर जनप्रतिनिधि को इसकी जानकारी होनी चाहिए।

****

झारखंड विधानसभा में कल प्रश्नकाल के दौरान बढ़ते साइबर अपराध, कैदियों के फरार होने और नशीले पदार्थों की खेती–तस्करी जैसे गंभीर मुद्दों पर बहस हुई। जेएमएम विधायक हेमलाल मुर्मू ने सरकार से पूछा कि ऐसे अपराधों को रोकने के लिए पुलिस के पास क्या ठोस कार्ययोजना है। इस पर प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार अपराध के मामले में जीरो टॉलरेंस की नीति पर चल रही है। साइबर अपराध के मामलों में करीब 95 प्रतिशत लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

****

झारखंड स्टेट ड्रग कंट्रोलर ने फार्मेसी काउंसिल के रजिस्ट्रार और सदस्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की अनुशंसा की है। जांच समिति ने काउंसिल के रजिस्ट्रार प्रशांत कुमार पांडेय और सदस्य धर्मेंद्र सिंह के खिलाफ लगे जालसाजी के आरोपों के सही पाये जाने के बाद यह अनुशंसा की है।

****

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज

All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

****

राज्य में 9 नगर निगम, 20 नगर परिषद और 19 नगर पंचायतों में हो रहे निकाय चुनाव के लिए कल सुबह सात बजे से वोट डाले जायेंगे। सभी जिलों में चुनाव की तैयारी और सुरक्षा की व्यापक व्यवस्था की गयी है। चुनाव को लेकर धनबाद जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है।
वहीं जमशेदपुर के मानगो नगर निगम क्षेत्र में होने वाले निकाय चुनाव को लेकर पुलिस जवानों ने फ्लैग मार्च कर लोगों से शांतिपूर्ण मतदान की अपील की।
इधर, बोकारो जिले के एसपी हरविंदर सिंह ने बताया कि किसी भी मतदाता को मोबाइल फोन लेकर मतदान केंद्र में प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी।

****

नगर निकाय चुनाव को लेकर देवघर, बोकारो, जमशेदपुर और धनबाद समेत सभी जिलों में पोलिंग पार्टियों को उनके मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया जा रहा है। इधर बोकारो जिले के उपायुक्त अजयनाथ झा समेत सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों ने मतदानकर्मियों को डिस्पैच सेंटर से रवाना करने के बाद मतदाताओं से निष्पक्ष होकर मतदान करने की अपील की।

****

संक्षिप्त खबरें

- अदाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अदाणी आज देवघर पहुंचे। यहां उन्होंने बाबाधाम मंदिर में पूजा–अर्चना की और राज्य एवं देशवासियों के सुख–समृद्धि की कामना की।
- लोहरदगा मुख्य पथ भंडरा थाना क्षेत्र के सेग़रा टोली के समीप सड़क दुर्घटना में आज भंडरा अंचल के कर्मी सतेंद्र यादव की मौत हो गई।
- गिरिडीह पुलिस ने बाइक और गैस सिलेंडर चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दस बाइक और 66 गैस सिलेंडर भी बरामद किया है।

****

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 46 हजार 800 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 68 हजार रूपये प्रति किलो है।

****

आईसीसी टी–20 क्रिकेट विश्व कप के सुपर–आठ में भारत आज दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगा। यह मैच शाम 7 बजे से अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में खेला जायेगा। गौरतलब है कि भारतीय टीम सभी चार मैच जीतकर अपने ग्रुप में शीर्ष स्थान पर रही। अमरीका को हराने के बाद भारतीय टीम ने नामीबिया को हराया। वहीं पाकिस्तान को 61 रन से मात दी। अपने अंतिम ग्रुप मैच में नीदरलैंड्स को 17 रनों से हराया।

****